प्रेस नोट
दिनांक 26.02.2026

थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा हत्यारोपी को किया गया गिरफ्तार–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री अभिषेक दवाच्या के नेतृत्व में थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–105/26 धारा 191(2),190,115(2),117(2),103(1),109,351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त– ध्रुव नरायन दूबे पुत्र जमुना प्रसाद दूबे निवासी गोबरेपुरवा, मौजा नरायनपुर माझा, थाना को0 कर्नलगंज, जनपद गोण्डा को गोण्डा–लखनऊ मार्ग स्थित अभिजीत ढाबा के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 22.02.2026 को थाना कर्नलगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत सुदईपुरवा दत्तनगर में दो पक्षों में जो आपस में संगे भाई पट्टीदार है के बीच जमीन के कब्जेदारी को लेकर विवाद व मारपीट हो गयी है। घटना में 03 लोग सुभाष चन्द्र मिश्रा, विश्वास चन्द्र मिश्रा व आकाश मिश्रा घायल हो गए जिन्हे पुलिस द्वारा उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान सुभाष चन्द्र मिश्रा पुत्र स्व0 पारस नाथ मिश्रा जी की मृत्यु हो गयी, प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कर्नलगंज में मृतक के संगे भाई अरूण मिश्रा पुत्र स्व0 पारसनाथ मिश्रा समेत 04 नामजद व अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर तत्काल आरोपी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्र0नि0 को0 कर्नलगंज को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए थे। जिसमें थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में 04 नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा आज दिनांक 26.02.2026 को प्रकाश में आए आरोपी अभियुक्त ध्रुव नरायन दूबे पुत्र जमुना प्रसाद दूब को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का नाम पता–

01. ध्रुव नरायन दूबे पुत्र जमुना प्रसाद दूबे निवासी गोबरेपुरवा, मौजा नरायनपुर माझा, थाना को0 कर्नलगंज, जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–105/26 धारा 191(2),190,115(2),117(2),103(1),109,351(3) बीएनएस थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. प्र0नि0 नरेन्द्र प्रताप राय थाना कर्नलगंज।
02. उ0नि0 मो0 सरफराज खान।
03. हे0का0 दीपक मिश्रा।
04. का0 हिमांशु प्रजापति।

मीडिया सेल, गोण्डा।